Result Mitra Daily Magazine

ऑस्कर में एंट्री

➢ हालिया संदर्भ :

- हाल ही में किरण राव निर्देशित 'लापता लेडीज' को अगले वर्ष 97 वें ऑस्कर यानि अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म श्रेणी के लिए भारत की आधिकारिक फिल्म के रूप में शामिल किया गया।
- फिल्म के चयन की घोषणा फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (FFI) ने की।

➢ FFI:

- यह भारत के सभी प्रमुख फिल्म संघों की मूल संस्था है।
- इसके उद्देश्यों में शामिल है –
  - फिल्मों की वाणिज्यिकता को बढ़ावा देना,
  - संबद्ध उद्योगों एवं व्यापारी के हितों को बढ़ावा देना,
  - संबद्ध हितधारकों (निर्माता, वितरक, प्रदर्शक) के हितों को बढ़ावा देना,
  - अकादमिक पुरस्कारों के लिए फिल्मों का चयन करना,

➢ चयन प्रक्रिया :

- ऑस्कर प्रविष्टि के लिए फिल्मों के चयन के लिए 13 सदस्यीय ज्यूरी की नियुक्ति की जाती है।
- ज्यूरी के सदस्यों में फिल्म संबद्ध क्षेत्र के वरिष्ठ लोग होते हैं।
- ज्यूरी का एक अध्यक्ष होता है। इस बार ज्यूरी के अध्यक्ष असमिया फिल्मों के निर्देशक जाहानु वरूआ थे।
- 'लापता लेडिस' के चयन प्रक्रिया वाले ज्यूरी में सिर्फ पुरुष सदस्य थे, जिसके लिए इसकी आलोचना भी की गई।

➢ प्रविष्टि के लिए शर्तें :

- FFI फिल्म निर्माताओं से फिल्म का मूल्यांकन किए जाने के लिए विभिन्न फिल्मों को आमंत्रित करती है। फिल्मों को प्रविष्टि के लिए योग्यताओं का निर्धारण है, जिसमें शामिल है :

- फिल्म न्यूनतम 40 मिनट की हो,
- USA से बाहर निर्मित हो,
- 50% से ज्यादा डायलॉग गैर–अंग्रेजी भाषा में हों।
- 1 नवंबर से 30 सितंबर के बीच न्यूनतम 7 दोनों की थीएट्रिकल रिलीज होनी चाहिए।

➢ अकादमी पुरस्कार में चयन प्रक्रिया :

- अकादमी ऑस्कर में विभिन्न देशों से फिल्मों को मूल्यांकन हेतु आमंत्रित किया जाता है।
- फिल्म का चयन अकादमिक ज्यूरी द्वारा किया जाता है, जो विभिन्न चरणों से गुजरता है।
- अंतिम दो दौर में फिल्मों के चयन में वोटिंग प्रक्रिया को अपनाया जाता है।

Result Mitra TM

- पहले चरण में समिति द्वारा शॉर्टलिस्टेड 15 प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया जाता है एवं पांच प्रस्तुतियों के चयन के लिए गुप्त मतदान की प्रक्रिया को अपनाया जाता है।
- अंतिम चरण में गुप्त मतदान द्वारा विजेता (प्रस्तुति/फिल्म) का चयन किया जाता है।

➢ भारतीय फिल्म : ऑस्कर में :

- अब तक केवल तीन भारतीय फिल्म ही ऑस्कर में अंतिम दौर के लिए नामांकित की गई है, लेकिन कोई भी फिल्म अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में ऑस्कर विजेता नहीं बनी है।

1. मदर इंडिया–1957
2. सलाम बॉम्बे–1988
3. लगान–2001

Note: 2023 में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि मलयालम फिल्म 'एवरीवन इज ए हीरो' (केरल बाढ़ पर आधारित) थी।

➢ ऑस्कर :

- ऑस्कर या अकादमी पुरस्कार को अमेरिकन अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट एंड साइंसेज (AMPAS) द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
- पहला समारोह 16 मई 1929 को आयोजित हुआ था, जबकि यह 97 वां समारोह होगा।

➢ लापता लेडीज :

- आमिर खान प्रोडक्शन की फिल्म,
- किरण राव, आमिर खान एवं ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित,

TM Result Mitra

- किरण राव द्वारा निर्देशित,
- हिन्दी–ड्रामा फिल्म,
- फिल्म दो पति-पत्नियों के ट्रेन यात्रा के दौरान अदला-बदली हो जाने की कहानी पर आधारित है।

Result Mitra